**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 29.08.2025 (संध्या– 1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **रक्षाराज्य मंत्री संजय सेठ ने भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयोजित रोजगार मेले को बताया विकसित भारत का मार्गदर्शक कदम, मेले में 40 कंपनियों ने 7050 से अधिक रोजगार के अवसर किए प्रदान।**
2. **जमशेदपुर में स्वर्गीय शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के श्राद्ध में राज्यपाल, मुख्यमंत्री और कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, कहा– कम उम्र में निधन राज्य की राजनीति और समाज के लिए अपूरणीय क्षति।**
3. **रांची में ग्राम पंचायतों के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ कांग्रेस ने 'संवाद चौपाल' कार्यक्रम किया आयोजित, प्रदेश प्रभारी के. राजू ने संगठन सृजन अभियान का बताया महत्व।**
4. **मौसम विभाग ने कल रांची समेत राज्य के नौ जिलों में जारी किया येलो अलर्ट, भारी बारिश के साथ तेज हवा और वज्रपात की जताई संभावना।**
5. **राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने रांची में किया तीन दिवसीय खेल उत्सव का उद्घाटन, कहा–यह आयोजन राज्य के खेल का कुंभ और खिलाड़ियों का महा समागम।**

**और अब समाचार विस्तार से**

*******************

केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज भूतपूर्व सैनिकों को नागरिक कार्यबल में सशक्त बनाने तथा समर्थन देने के लिए रोजगार मेला आयोजित करने के लिए पुनर्वास महानिदेशालय को बधाई दी है। रोजगार मेले में रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि यह मेला भूतपूर्व सैनिकों को विकसित भारत के राजदूत बनने में सहायक साबित होगा। रक्षा मंत्रालय के भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस मेले में सेना, नौसेना और वायुसेना के एक हजार पांच सौ से अधिक भूतपूर्व सैनिक शामिल हुए। यहां चालीस कंपनियों ने भूतपूर्व सैनिकों को सात हजार पचास से अधिक रोजगार की पेशकश की।

*******************

नई दिल्ली में आज झारखंड समेत आठ राज्यों के वित्त मंत्रियों की बैठक हुई, जिसमें आगामी जीएसटी परिषद की बैठक से पहले जीएसटी दरों के युक्तिकरण पर चर्चा की गई। केंद्र सरकार ने 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब खत्म करने का प्रस्ताव दिया है, जिससे आम जनता को राहत मिलने की उम्मीद है, लेकिन राज्यों के राजस्व पर बोझ बढ़ने की आशंका जताई गई। झारखंड ने कहा कि दरों में बदलाव से राज्य को लगभग 2000 करोड़ रुपये सालाना का नुकसान होगा और इसके लिए क्षतिपूर्ति की व्यवस्था जरूरी है। सभी आठ राज्यों ने संयुक्त रूप से जीएसटी परिषद को एक ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है, जिसमें राजस्व संरक्षण को प्राथमिकता देने की मांग की जाएगी।

*******************

जमशेदपुर में शिक्षा मंत्री स्वर्गीय रामदास सोरेन के श्राद्ध कर्म में राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा में मंत्री दीपक बिरुआ, राज्यसभा सांसद महुआ मांझी और विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने भी भाग लिया। नेताओं ने कहा कि कम उम्र में उनका निधन राज्य की राजनीति और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। सांसद विद्युत वरण महतो ने उन्हें याद करते हुए कहा कि झारखंड आंदोलन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही और इसके लिए उन्होंने जेल तक की सजा काटी।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में सूर्या हांसदा एनकाउंटर और रिम्स 2 विवाद मामले को लेकर भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल से सूर्या हांसदा मामले की सीबीआई जांच कराने और नगड़ी में रिम्स 2 निर्माण के लिए किसानों की उपजाऊ भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाने की मांग की।

*******************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश में आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है। इस संदर्भ में योग्य उम्मीदवार आकाशवाणी की वेबसाईट newsonair.gov.in और prasarbharati.gov.in के Vacancies सेक्शन और प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल @airnews_ranchi से प्रकाशित विज्ञापन डाउनलोड कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन 10 सितंबर 2025 तक उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातू रोड, रांची, पिन कोड–834001 के पते पर स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं।

*******************

रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के तहत नामकुम प्रखंड में ग्राम पंचायतों के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ 'संवाद चौपाल' कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर प्रदेश प्रभारी के. राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों और पंचायत स्तर पर सक्रिय होने के महत्व से अवगत कराया।

*******************

आई जी माइकल राज एस. ने रांची स्थित पुलिस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि जुलाई 2025 तक सड़क सुरक्षा मामलों में एक लाख 35 हजार 6 सौ पैंतीस लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई और 280 लोगों की मृत्यु हुई। उन्होंने नक्सल अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि 108 फायर दर्ज किए गए और भारी मात्रा में नक्सली सामान बरामद किया गया, अभियान जारी रहेगा।

*******************

जामताड़ा जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक–युवतियो को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक पहल की जा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

मौसम विभाग ने कल राज्य के नौ जिलों में भारी बारिश की आशंका के कारण येलो अलर्ट जारी किया है। रांची, खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, धनबाद, बोकारो, कोडरमा और लोहरदगा जिलों में तेज हवा और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। साथ ही 31 अगस्त को भी राज्य के कुछ इलाकों में इसी तरह के मौसम के लिए अलर्ट जारी रखा गया है।

*******************

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने रांची में तीन दिवसीय खेल उत्सव का उद्घाटन किया। इसमें लगभग 1100 खिलाड़ी, 40 तकनीकी अधिकारी और सपोर्ट स्टाफ विभिन्न स्टेडियम और मैदानों में एथलेटिक्स, हाकी, फुटबाल, तीरंदाजी, बैडमिंटन और तैराकी की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इस मौके पर सुदिव्य कुमार ने कहा कि यह आयोजन झारखंड में खेल का कुंभ और राज्य के खिलाड़ियों का समागम है।

*******************

असम में आयोजित सब–जूनियर नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में झारखंड की टीम ने महाराष्ट्र को 1–0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। निर्णायक गोल कांके के स्टार वॉरियर्स फुटबॉल क्लब की खिलाड़ी नैंसी मुंडा ने किया।

***************